आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

शनिवार 26.04.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – देश की अर्थव्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने और आधुनिक बुनियादी ढांचे को विकसित करने की बड़ी जिम्मेदारी युवाओं पर है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए चारधाम यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत व पुख्ता बनाने के निर्देश दिए।
- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बदरीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचकर यात्रा व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाहन 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

प्रधानमंत्री रोजगार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं, तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं। श्री मोदी आज विभिन्न सरकारी विभागों में और संगठनों में नवनियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे।

प्रधानमंत्री ने मुंबई में आयोजित होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स–2025 के बारे में भी कहा कि इस आयोजन के केंद्र में भी देश के युवा हैं।

रोजगार मेला देहरादून

रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप 15वां रोजगार मेला आज देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया। वहीं, देहरादून में आयोजित समारोह में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा ने भाग लिया और चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले में 13 विभागों के अंतर्गत कुल 162 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, जिनमें से 90 अभ्यर्थी उत्तराखंड के हैं।

मुख्यमंत्री निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए अधिकारियों को चारधाम यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत और पुख्ता बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्ग पर अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है, तो उसे तुरंत हिरासत में लिया जाए। आज ‘‘मुख्यमंत्री आवास’’ में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री ने इस संबंध में आम जनता को भी जागरूक करने की बात कही। उन्होंने संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर जारी करने के निर्देश दिए, जिससे आम लोग इस नंबर पर जानकारी साझा कर सकें। इसके अलावा श्री धामी ने प्रदेश में पाकिस्तानी नागरिकों का चिन्हीकरण कर उनको तत्काल प्रभाव से वापस भेजने की कार्रवाई शुरू करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में चल रहे सत्यापन अभियान में तेजी लाने के साथ ही किरायेदारों का सत्यापन न कराने वाले लोगों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गलत अभिलेखों के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लोगों के चिन्हीकरण में भी तेजी लाते हुए उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

मुख्य सचिव केदारनाथ/बदरीनाथ

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज बदरीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचकर चारधाम यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने पहले केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने मंदाकिनी और सरस्वती नदियों पर बनाए गए बेली ब्रिज और आस्था पथ पर बने रेन शेल्टरों का भी निरीक्षण किया। मुख्य सचिव ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि कतार में खड़े यात्रियों को गर्म पानी की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि वे ठंडे मौसम में भी आरामदायक अनुभव प्राप्त कर सकें। मुख्य सचिव ने रुद्र प्वाइंट और घोड़ा पड़ाव का भी निरीक्षण किया। इन स्थलों पर उन्होंने भीड़ प्रबंधन, पेयजल, चिकित्सा, विश्राम और सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएंगी।

इसके बाद मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बदरीनाथ पहुंचकर धाम में चल रहे मास्टर प्लान कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एराइवल प्लाजा, सिविक एनीमिटी सेंटर, बदरीश व शेष नेत्र झील, रिवर फ्रंट और हॉस्पिटल का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को सिविक एमिनिटी सेंटर, एराइवल प्लाजा और टूरिज्म मैनेजमेंट सेंटर को मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने मुख्य सचिव को मास्टर प्लान कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पूर्वाहन 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

सूर्या ड्रोन टैक– 2025

भारतीय सेना की मध्य कमान और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के सहयोग से आगामी 29 से 30 अप्रैल तक देहरादून कैंट के जसवंत ग्राउंड, में सूर्य ड्रोन टैक– 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय एक्सपो विभिन्न रक्षा उपयोगों के लिए उपयुक्त स्वदेशी ड्रोन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करेगा, जो "आत्मनिर्भर भारत" पहल के अनुरूप है।

जिलाधिकारी निरीक्षण

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने आज गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के रतूड़ी सेरा और बन्दरकोट भूस्खलन क्षेत्र के पहाड़ी पर चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चारधाम यात्रा को देखते हुए सीमा सड़क संगठन को 28 अप्रैल तक दोनों पैच पर सड़क के किनारे पड़े मलबा व बोल्डर को हटाने के निर्देश देते हुए सड़क को समतलीकरण करके वाहनों के निर्बाध आवागमन के लिए दो–लेन बनाने को कहा।